# चिदंबरम के निशाने पर चुनाव आयोग

**तमिलनाडु में बिहारियों को वोट करने का अधिकार देना गलत**

**फैसले पर कांग्रेस ने जताई कड़ी आपत्ति, उठाए सवाल**



**चेन्नई, 3 अगस्त. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों को भी मतदान का अधिकार देने का चुनाव आयोग का फैसला चिंताजनक और अवैध है.**

चिदंबरम ने कहा यह कदम तमिलनाडु के मतदाताओं के मनपसंद सरकार चुनने के अधिकार में घोर हस्तक्षेप होने के साथ-साथ प्रवासी श्रमिकों का भी अपमान है. एक सोशल मीडिया पोस्ट में चिदंबरम ने कहा, जहाँ बिहार में 65 लाख मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने का खतरा मंडरा रहा है, वहीं तमिलनाडु में 6.5 लाख लोगों को मतदाता के रूप में जोड़ने की खबरें चिंताजनक और स्पष्ट रूप से अवैध हैं. उन्हें स्थायी प्रवासी कहना प्रवासी श्रमिकों का अपमान है और तमिलनाडु के मतदाताओं के अपनी पसंदीदा सरकार चुनने के हक में घोर हस्तक्षेप है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रवासी श्रमिक जैसे छठ पूजा में वापस घर जाते हैं वैसे ही वे चुनावों में मतदान के लिए गृह राज्य क्यों नहीं जा सकते. उन्होंने कहा, प्रवासी श्रमिक विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए बिहार क्यों नहीं लौटते, जैसा कि वे आमतौर पर करते हैं? क्या प्रवासी श्रमिक छठ पूजा के त्योहार के समय बिहार नहीं लौटते? जब प्रवासी श्रमिक का बिहार में घर है तो उन्हें तमिलनाडु की मतदाता सूची में कैसे जोड़ा जा सकता है? चिदंबरम ने कहा कि चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया रोजाना ही और भी ज़्यादा अजीब होती जा रही है.

### भाजपा का पलटवार, भ्रम फैला रहे तेजस्वी



भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भ्रम फैलाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने का आरोप लगाया है. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री यादव पर निशाना साधा. पात्रा के मुताबिक यादव ने कहा है कि बिहार की मतदाता सूची से मेरा नाम काट दिया गया है. यादव ने मोबाइल नंबर दिखाते हुए कहा कि उनकी एपिक संख्या आरएबी 2916120 है, लेकिन उसमें उनका नाम नहीं आ रहा है. श्री पात्रा ने कहा कि श्री यादव के इस आरोप के बाद चुनाव आयोग और पटना के जिलाधिकारी (डीएम) ने पूरी सच्चाई को जस का तस सामने रख दिया. भाजपा नेता ने यादव पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका नाम मतदाता सूची से नहीं कटा है. उन्होंने कहा कि दीघा विधानसभा में उनका नाम इनरोल्ड है.

## भाजपा दुष्कर्मियों को संरक्षण देना बंद करें

**नई दिल्ली, 3 अगस्त.** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर दुष्कर्मियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां-जहां भाजपा सरकार है वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही है. महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगोड़ा के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं। मोदी संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं.



## मेक्सिको के ओक्साका में आया 5 .8 तीव्रता का भूकंप

**मेक्सिको, 3 अगस्त. ओआक्साका राज्य में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप का केंद्र टक्स्टेपेक शहर के पास था और यह बहुत कम गहराई ( 10 किमी ) में आया, जिससे इसके झटके आसपास के इलाकों में भी साफ महसूस किए गए. इस भूकंप की जानकारी सबसे पहले यूरोपीय-मेडिटेरेनियन भूकंपीय केंद्र ने दी.**

अब तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है। हालांकि स्थानीय मीडिया के अनुसार कुछ जगहों पर अलमारियों से सामान गिरा, कुछ खिड़कियों के शीशे टूटे, लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। कुल मिलाकर, यह भूकंप हल्का और सतही था, जिससे झटके महसूस हुए, लेकिन बड़ी तबाही नहीं हुई. स्थानीय लोगों से अपील की है कि अगर आपने भूकंप महसूस किया है, तो अपनी जानकारी उनकी वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए साझा करें। इससे दुनिया भर के विशेषज्ञों और नागरिकों को भूकंप की सही जानकारी मिल सकेगी।

### पाकिस्तान : 24 घंटे में भूकंप का दूसरा झटका

रविवार तड़के पाकिस्तान के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. नेशनल सिस्मिक मॉनिटरिंग सेंटर (एनएसएमसी) के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई. भूकंप का केंद्र रावत से 15 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में था और इसकी गहराई सिर्फ 10 किलोमीटर थी. यह झटके शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 12ः10 बजे महसूस किए गए. यह झटके शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 12ः10 बजे महसूस किए गए, जिससे लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए और कलिमा तय्यबा पढ़ते रहे. भूकंप का असर खैबर पख्तूनख्वा, इस्लामाबाद, रावलपिंडी और आस-पास के कई इलाकों में देखा गया.भूकंप के झटके इस्लामाबाद और रावलपिंडी के साथ-साथ मर्दान, मुर्री, हरिपुर, चकवाल, ताला गंग और कलर कहार तक महसूस किए गए भूकंप के झटके इस्लामाबाद और रावलपिंडी के साथ-साथ मर्दान, मुर्री, हरिपुर, चकवाल, ताला गंग और कलर कहार तक महसूस किए गए.

## राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र उपयोगी

### नीतीश ने आपदा प्रबंधन विभाग का किया निरीक्षण



**पटना, 3 अगस्त. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग तथा राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा कार्य पद्धतियों की जानकारी ली.**

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में वर्षापात की स्थिति, नदियों के जलस्तर तथा फसल आच्छादन की स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान विकास आयुक्त और आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में वर्षापात की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों मे राज्य में अच्छी बारिश हुई है. राज्य के 222 प्रखंडों में 25 मि.मी. अथवा इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है.गंगा, कोशी तथा बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ा है, पानी का स्तर खतरे के निशान के आसपास है लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र बहुत उपयोगी केन्द्र है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 24 घंटे संचालित यह केन्द्र बेहतर ढंग से कार्य कर रहा जिसका लाभ राज्य के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी वर्षा होने से किसानों को रोपनी कार्य में फायदा हो रहा है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर संबंधित अधिकारी अलर्ट मोड में रहें तथा एस0ओ0पी0 के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखें.

## सड़क सुरक्षा फोर्स ने बचाई 35 हजार जानें

**जालंधर, 3 अगस्त.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा स्थापित की गई सड़क सुरक्षा फोर्स ने अपने शुरुआती चरण में ही बड़ी सफलता हासिल की है. अब तक यह फोर्स 35,000 से अधिक क़ीमती जानों को सड़क दुर्घटनाओं से बचा चुकी है और यह एक अहम मील का पत्थर भी साबित हुआ है. हर 30 किलोमीटर पर तैनात विशेष टीमें, अत्याधुनिक एम्बुलेंस, तेज़ प्रतिक्रिया दल और मोबाइल रिस्पॉन्स यूनिट्स के साथ यह फोर्स सड़क सुरक्षा प्रणाली को एक नई ऊंचाई पर ले जा रही है. योजना बोर्ड के अध्यक्ष और आप ज़िला प्रधान अमृत पाल सिंह ने कहा, मान सरकार ने केवल वादे नहीं किए, बल्कि ज़मीनी हकीकत में बदल कर दिखाया है.

## स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र देश के नेट जीरो विजन को सशक्त बनाता है : मोदी

▸ प्रधानमंत्री मोदी ने हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहा



**नईदिल्ली 3 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला में देश के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा है कि यह देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है.**

मोदी ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और हमारे नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है. उन्होंने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला के एक पोस्ट के जवाब में यह प्रतिक्रिया की. प्राधिकरण ने अपनी पोस्ट में कहा है, हरित नवाचार के साथ प्रगति को गति! दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला ने बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र कांडला में गर्व से शुभारंभ किया. हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट ज़ीरो विज़न की दिशा में एक शक्तिशाली कदम. उल्लेखनीय है कि भारत ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है.

### एक नजर में



#### रूस ने चार घंटे में 41 यूक्रेन ड्रोन मार गिराए

**मास्को.** रूस के वायु रक्षा बलों ने शनिवार को चार घंटे से भी कम समय में कई क्षेत्रों में यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए. रूस के रक्षा मंत्रालय ने कल देर रात यह जानकारी दी. बयान में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा रुस समयानुसार रात आठ बजे से 11.25 बजे के बीच इन ड्रोनों को मार गिराया गया.

#### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले की बंद

**श्रीनगर.** वार्षिक अमरनाथ यात्रा रविवार से स्थगित कर दी गई है। यह यात्रा 9 अगस्त को रक्षाबंधन के त्योहार के साथ संपन्न होने वाली थी, जो इसके निर्धारित समापन से लगभग एक सप्ताह पहले ही स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों ने लगातार खराब मौसम और यात्रा मार्गों की बिगड़ती स्थिति को यात्रा समय से पहले बंद करने का मुख्य कारण बताया है। क्षेत्र में भारी बारिश के कारण तीन दिन पहले ही तीर्थयात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। शनिवार को, अधिकारियों ने घोषणा की कि पटरियों की असुरक्षित स्थिति और तत्काल मरम्मत कार्य की आवश्यकता के कारण, दो पारंपरिक मार्गों, बालटाल या पहलगाम, में से किसी से भी यात्रा फिर से शुरू नहीं होगी। बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ मार्ग कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी के अनुसार, हाल ही में हुई भारी बारिश से भूभाग बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे यह मार्ग तीर्थयात्रियों के लिए असुरक्षित हो गया है.

#### एनसीपी नेता ने सनातन धर्म पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली.** एनसीपी (शरद पवार) गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद किया और उन्होंने इसकी विचारधारा को विकृत करार दिया. जितेंद्र आव्हाड यहीं नहीं रुके. महाराष्ट्र के ठाणें में दिए अपने इस बयान में उन?होंने सनातन धर्म को छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक से इनकार, संभाजी महाराज की बदनामी, ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले पर हमले, और डॉ. बीआर आंबेडकर के साथ भेदभाव जैसे ऐतिहासिक अन्यायों का जिम्मेदार ठहराया. यह बयान 2008 के मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी सात आरोपियों के बरी होने के बाद आया, जिसने भगवा आतंकवाद की बहस को फिर से हवा दी.

## कांवड़ यात्रा में मुख्यमंत्री साय पहुंचे

**गुढ़ियारी से महादेव घाट तक भक्ति यात्रा**

**हजारों कांवड़िए हटकेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे**



**रायपुर, 3 अगस्त. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सावन मास के पवित्र अवसर पर राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में आयोजित कांवड़ यात्रा में शामिल हुए.**

उन्होंने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की. साय ने कहा कि आज मारूति मंगलम भवन, गुढ़ियारी से हटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक हजारों की संख्या में कांवड़िए जलाभिषेक के लिए रवाना हुए हैं. उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है और हमारे लोक-विश्वास की गहराई को प्रकट करता है. सावन महीने में कांवड़ यात्रा शिवभक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु कई-कई किलोमीटर पदयात्रा कर भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं.

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर के महादेव घाट स्थित भगवान हटकेश्वरनाथ महादेव का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है. यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जलाभिषेक हेतु एकत्र होते हैं. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम है. कांवड़ यात्रा जैसी आयोजन न केवल परंपरा को सहेजते हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं.

## भजनलाल ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**मुख्यमंत्री ने जोधपुर हाउस में लगाया बिल्व का पौधा**

**नई दिल्ली/जयपुर, 03 अगस्त. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली के जोधपुर हाउस में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिल्व का पौधा लगाया.**

शर्मा ने कहा कि बिल्व जैसे पौधे धार्मिक और औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं. जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है. अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है. राज्य में हरियाली तीज के दिन ढाई करोड़ पौधे लगाकर एक रिकॉर्ड बनाया है जो प्रदेशवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. पौधरोपण सिर्फ एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरित भविष्य देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है. इस दौरान मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान अभियान को और अधिक गति देने का आह्वान किया.



मुख्यमंत्री ने कहा कि बिल्व जैसे पौधे धार्मिक और औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है. इसके तहत अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है. उन्होंने कहा कि राज्य में हरियाली तीज के दिन ढाई करोड़ पौधे लगाकर एक रिकॉर्ड बनाया है जो प्रदेशवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है. शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. पौधरोपण सिर्फ एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरित भविष्य देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है.

### आज का इतिहास

- **1858** जापान ने अनिच्छा से एमिटी वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए.
- **1862** अमेरिकन सिविल वॉर-कॉफेडरेट जासूस बेले बॉयड को उसके प्रेमी द्वारा उसके बदले जाने के बाद यूनियन सैनिकों ने गिरफ्तारी
- **1899** न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन हुआ
- **1899** पहले हेग कन्वेंशन, पहले औपचारिक बयानों के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून में युद्ध और युद्ध अपराधों के कानूनों पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- **1947** दुनिया का पहला सामान्य-उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिकडिजिटल कंप्यूटर बना.



### राष्ट्रपति से मिले अमित शाह

**नईदिल्ली, 3 अगस्त.** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में भेंट की. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की.

## पाकिस्तान में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला, एक की मौत

▸ हमले में दो आतंकवादी भी मारा गया


**इस्लामाबाद 3 अगस्त पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार तड़के एक पुलिस चौकी पर आतंकवादियों के हमले में एक पुलिसकर्मी और दो आतंकवादी मारे गए तथा चार पुलिस अधिकारी घायल हो गए.**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 2.30 बजे प्रांत के बन्नू जिले में हुयी, जहाँ आतंकवादियों ने अचानक पुलिस चौकी पर मध्यम और भारी हथियारों से गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और लगभग 30 मिनट तक गोलीबारी जारी रही। इसके बाद तलाशी अभियान के दौरान, पुलिस ने गोलीबारी में मारे गए दो अज्ञात आतंकवादियों के शव बरामद किये.

सूत्रों के अनुसार, हमले के दौरान आतंकवादियों के एक अन्य समूह ने उसी पुलिस थाना क्षेत्र में एक पुलिस गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने इन हमलों की ज़िम्मेदारी नहीं ली है.

**सौगात** ▸ गडकरी ने मंगलागिरी से 5,233 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण

## आंध्रप्रदेश को मिला बुनियादी ढांचे का तोहफा



**मंगलागिरी, 3 अगस्त. आंध्र प्रदेश को सड़क संपर्क के क्षेत्र में बड़ी सौगात देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को मंगलागिरी में 5,233 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 272 किलोमीटर लंबी 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया.**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, केंद्रीय मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू आदि मौजूद रहे. गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को मूर्त रूप देने हेतु ये परियोजनाएं तैयार की गई हैं. इनका उद्देश्य न केवल सड़क हादसों की आशंका वाले ब्लैक स्पॉट और रेलवे क्रॉसिंग को समाप्त करना है.

एनएचएआई के अधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2014 में जहां 4,000 किलोमीटर थी, वह अब 8,700 किलोमीटर तक पहुंच गई है, जो सरकार के बुनियादी ढांचे पर केंद्रित दृष्टिकोण का प्रमाण है. परियोजनाओं में एनएच-71 के मदनपल्ले-पिलेरू खंड को 1,994 करोड़ रुपये की लागत से 56 किमी लंबे आधुनिक चार लेन कॉरिडोर में परिवर्तित किया गया है, जिसमें 9 फ्लाईओवर, एक रेल ओवरब्रिज और 19 बड़े पुल शामिल हैं.

### लॉजिस्टिक्स लागत 16 से घटकर 10 प्रतिशत तक आ गई

गडगरी ने कहा ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम मील कनेक्टिविटी को सशक्त बनाना और तिरुपति, नेल्लोर व रायचोटी जैसे शहरी केंद्रों में यातायात के दबाव को कम करना सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने बताया कि देश में बेहतर सड़क नेटवर्क के चलते लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर अब 10 प्रतिशत तक आ गई है, और दिसंबर 2025 तक इसे 9 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है. इससे न केवल निर्यात में वृद्धि होगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे.

## दक्षिण चीन में इमारत में लगी आग, 5 की मौत

**नानिंग, 3 अगस्त.** दक्षिण चीन के गुआंग्शी झुआंग क्षेत्र के वुझोउ शहर में रविवार सुबह एक आवासीय इमारत में आग लगने से पाँच लोगों की मौत हो गई. ज़िला आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो सूत्रों ने बताया कि शहर के लोंगक्सू ज़िले में एक पांच मंजिला इमारत के भूतल पर सुबह लगभग 8ः30 बजे आग लग गयी. इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी है. सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया. फिलहाल आग बुझा दी गयी है और इसके कारणों की जाँच की जा रही है.

## हर छंद में राष्ट्रप्रेम की अमर ध्वनि

**जय भारत से गूंजता राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का संदेश**

**नईदिल्ली. राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती पर हम उन्हें कृतज्ञ हृदय से स्मरण करते हैं. उनकी रचनाओं में न केवल काव्य सौंदर्य है, बल्कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और आत्मबोध की गहराई भी समाहित है. योगी- हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी यह आत्मबोध पद्म भूषण राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की लेखनी का तेज था.**

संस्कृति, संवेदना और राष्ट्रनिष्ठा से समृद्ध उनकी कालजयी रचनाएं युगों तक हमें संस्कारित करती रहेंगी. राष्ट्रकवि को उनकी पावन जयंती पर सादर नमन! अपनी अद्वितीय रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय व सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाले, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं. शिवराज सिंह चौहान -आपकी अनमोल रचनाएँ सर्वदा भारतीय संस्कृति व राष्ट्रीय जन-जागरण के तेजस्वी विचारों को पल्लवित करती रहेंगी. हिंदी के अनन्य सेवक को प्रणाम!





## 10 अगस्त से कैट का राष्ट्र व्यापी अभियान

**नईदिल्ली.** कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रधानमंत्री के 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' की अपील को समर्थन देते हुए घोषणा की है कि 10 अगस्त से राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है. कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में रविवार को यह निर्णय लिया गया. इसमें देश के 26 राज्यों के 150 से अधिक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया. कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा देंगे, तो इससे न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा.